## खास-खबरें

### लोकायुक्त ट्रैप के बाद ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**रतलाम।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रतलाम के प्रतिवेदन अनुसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्राप्त समाचार अनुसार ग्राम पंचायत कनेरी सचिव सत्यनारायण सरवाड (सेन) द्वारा भू-खण्ड नामांतरण के संबंध में रिश्वत मांगी जाने पर 9 मार्च 2026 को लोकायुक्त टीम द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 4500 रूपये रिश्वत लेते हुए ट्रेप किये जाने के कारण सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत रतलाम नियत किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान सचिव सत्यनारायण सरवाड (सेन) को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्तों की पात्रता होगी।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 35 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा और डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### वेतन नहीं मिलने से नाराज जिला अस्पताल के कर्मियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। पिछले लंबे समय से वेतन और पीएफ की समस्याओं से जूझ रहे लगभग सभी विभागों के आउटसोर्स कर्मचारियों ने लामबंद होकर मंगलवार को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो वे काम बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे। ज्ञापन देने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। घर चलाना मुश्किल हो गया है, बच्चों की स्कूल फीस से लेकर राशन तक के लाले पड़ रहे हैं। इसके अलावा, पिछले 6 महीनों से उनका पीएफ (प्रोविडेंट फंड) भी उनके खातों में जमा नहीं किया गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**ठेकेदार की 'बदतमीजी' और कंपनी की लापरवाही:** अस्पताल में आउटसोर्सिंग का ठेका सिग्मा इन्फोटेक्स कंपनी के पास है। कर्मचारियों ने कंपनी और उसके ठेकेदार पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि-जब भी वेतन के संबंध में ठेकेदार से बात करने की कोशिश की जाती है, तो वह अभद्र व्यवहार (बदतमीजी) करता है। ठेकेदार फोन तक नहीं उठाता, जिससे कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। कंपनी प्रबंधन जमीनी हकीकत से आंखें मूंदे बैठा है। 'हम दिन-रात अस्पताल की व्यवस्थाएं संभालते हैं, लेकिन जब हक की बात आती है तो हमारे साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जाता है। बिना वेतन के हम कब तक काम करेंगे। कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने दो टूक कहा है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका बकाया वेतन और पीएफ का भुगतान नहीं किया गया, तो वे पूर्णत: काम बंद कर स्ट्राइक पर चले जाएंगे। जिला अस्पताल में सफाई, सुरक्षा और कंप्यूटर ऑपरेटर जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में आउटसोर्स कर्मचारी तैनात हैं। यदि ये हड़ताल पर जाते हैं, तो जिले की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हो सकती हैं, जिसका सीधा असर मरीजों पर पड़ेगा। कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सिग्मा इन्फोटेक्स कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में वेतन समय पर मिले। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है या फिर मरीजों को हड़ताल की मार झेलनी पड़ेगी।

### एक महीने में 1.5 करोड़ रुपए कीमत के 603 मोबाइल बरामद

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** विदिशा पुलिस ने 'मिशन मोबाइल रिकवरी' अभियान में एक महीने में 603 गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए। इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपए है। पुलिस अधीक्षक रोहित कसवानी ने मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मोबाइल फोन धारकों को सौंपे। पुलिस ने बताया कि यह विशेष अभियान गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायतों के आधार पर चलाया गया। साइबर सेल और जिले के थानों की टीमों ने तकनीकी माध्यमों और सर्विलांस की मदद से मोबाइल फोन ट्रेस कर अलग-अलग स्थानों से बरामद किए। विदिशा पुलिस ने केवल जिले में ही नहीं, बल्कि भोपाल, रायसेन, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, सीहोर, इंदौर, उज्जैन, देवास, शिवपुरी, सागर और आगर-मालवा सहित अन्य जिलों से भी मोबाइल बरामद किए। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार जैसे राज्यों से भी मोबाइल फोन ट्रेस कर वापस लाए गए। पुलिस के अनुसार वर्ष 2025 से अब तक कुल 1715 मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए जा चुके हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 3 करोड़ 72 लाख 91 हजार रुपए है। साइबर सेल टीम के प्रभारी उप निरीक्षक गौरव रघुवंशी और अन्य पुलिसकर्मियों ने तकनीकी माध्यमों से मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। अभियान की सफलता के लिए नागरिकों ने भी पुलिस की सराहना की।

### गेहूं खरीदी पंजीयन में किसानों की परेशानी

**रायसेन:** रायसेन जिले में सरकारी गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि पर मंगलवार को किसानों की परेशानी बढ़ गई। सर्वर की धीमी गति और तकनीकी समस्याओं के कारण कई किसान पंजीयन नहीं कर पाए। इस कारण वे कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के सामने अपनी समस्याएं रखी। किसानों का कहना है कि सर्वर बार-बार डाउन हो रहा है और पोर्टल सही ढंग से काम नहीं कर रहा है। अकेले रायसेन सोसाइटी में ही 500 से अधिक किसानों का पंजीयन अटका हुआ है। कई केंद्रों पर ऑपरेटरों की कमी के कारण किसान घंटों इंतजार कर रहे हैं। पंजीयन प्रक्रिया में तकनीकी समस्या और खसरा नंबर न खुलने की वजह से एक किसान का पंजीयन पूरा होने में करीब 15 मिनट लग रहे हैं। इससे पंजीयन केंद्रों पर लंबी कतारें बन गई हैं और किसानों में चिंता बढ़ गई है। किसानों ने प्रशासन से अपील की है कि पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए। साथ ही उन्होंने पंजीयन केंद्रों की संख्या बढ़ाने और पोर्टल की तकनीकी समस्याओं को जल्द दूर करने की मांग की। उनका कहना है कि यदि समय पर पंजीयन नहीं हुआ तो वे 16 मार्च से शुरू होने वाली सरकारी गेहूं खरीदी में अपनी उपज बेचने में असमर्थ रहेंगे।

# 200 बेटियों के हाथ होंगे पीले, एक ही मंडप में गूंजेंगे मंत्र और निकाह की आयतें

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** चंद्रशेखर आजाद कॉलेज मैदान पर बुधवार को नगर पालिका परिषद सीहोर और सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत सहित नगर पालिका और सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम की तैयारियो का मैदान पर पहुंच कर निरीक्षण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत बुधवार को 122 हिंदू और 78 मुस्लिम बेटियो का विवाह निकाह हिंदू वेदिक मंत्र और कुरान की आयतों के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत ने बताया कि हिंदू मुस्लिम वर वधूओ के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई है। सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि और सामग्री कन्याओं कोभट की जाएगी। आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत सहित नगर पालिका और सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम की तैयारियो का मैदान पर पहुंच कर निरीक्षण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत बुधवार को 122 हिंदू और 78 मुस्लिम बेटियो का विवाह निकाह हिंदू वेदिक मंत्र और कुरान की आयतों के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत ने बताया कि हिंदू मुस्लिम वर वधूओ के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई है। सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि और सामग्री कन्याओं को भेंट की जाएगी।

# देवकीनंदन ठाकुर ने सनातन बोर्ड के गठन की उठाई मांग

## मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने और पूजा का अधिकार देने पर जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** विदिशा के माधवगंज में हिंद प्रहरी संगठन के तत्वावधान में सनातन एकता यात्रा और धर्मसभा का आयोजन किया गया। धर्मसभा में कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने सनातन बोर्ड के गठन की मांग उठाई और मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने, साथ ही विदिशा के विजय मंदिर में हिंदुओं को पूजा का अधिकार देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

धर्मसभा के बाद शहर में सनातन एकता यात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

अपने संबोधन में देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि युवाओं और बच्चों तक सनातन संस्कार पहुंचाने के लिए उन्हें खेलकूद और आधुनिक माध्यमों से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने इंदौर में 12 से 15 मार्च तक आयोजित होने वाली 'सनातन प्रीमियर लीग' क्रिकेट प्रतियोगिता की जानकारी दी, जिसमें देशभर से चयनित लगभग 125 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

देवकीनंदन ठाकुर ने बेतवा नदी की स्वच्छता और संरक्षण के लिए प्रशासन से ठोस कदम उठाने की भी अपील की।

उन्होंने कहा कि समाज में मॉडर्न गुरुकुल, गौशालाएं और निशुल्क अस्पताल बनने चाहिए। इसके साथ ही मंदिरों को पूरी तरह सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाना चाहिए। युवाओं को उन्होंने भगवान का स्मरण, गीता का पाठ, माता-पिता का सम्मान और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में हिंद प्रहरी संगठन के प्रमुख सौरभ सिंह राजपूत, कथावाचक बटुक महाराज और कई सनातन धर्मावलंबी उपस्थित रहे। इस अवसर पर धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखे गए।

# माहेश्वरी समाज ने मनाया फाग उत्सव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा प्रति वर्ष की परंपरा अनुसार माहेश्वरी भवन में फाग उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें माहेश्वरी समाज की महिला मंडल द्वारा बहुत उत्साह से भाग लिया एवं सभी महिलाओं द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगा कर फूलों से होली खेल कर भागवत भूषण हर्षित जी शास्त्री के भजनों का आनंद लिया गया ।

माहेश्वरी समाज के सभी समाज जन द्वारा होली परंपरा का सादगी से निर्वहन कर एक दूसरे को बधाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के वरिष्ठ समाज जन अशोक सोडाणी ,गिरधर कुइया, ,कमल झवर, अशोक बियानी,पुरुषोत्तम कुइया , सुनील मंत्री किशोर सोडाणी पंकज झवर , राजेश बांगड़, सुशील मंत्री, सुरेश साबू ,बल्लभ बियानी , विनोद मंत्री, रवि धूत ,पंकज साबू,शरद बाहेती,अंकित कासट, राकेश मोहता ,अभिषेक कासट, भारत मंत्री ,अमोल सारडा,पंकज काबरा ,शैलेश राठी,विजय चडक,पंकज तोषनीवाल , नवीन सोनी गोविंद झवर, योगेश राठी, सत्यनारायण हूरकट प्रियांशु साबू एवं माहेश्वरी समाज की महिला मंडल एवं समाज जन उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में 95 आवेदन पर हुई सुनवाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलाम :** कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 95 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदक मुकेश पिता कारूलाल निवासी नामली ने बताया कि उसने निवासरत मकान की भूमि के पट्टे की प्रतिलिपि हेतु पटवारी को आवेदन दिया था, परंतु आज दिनांक तक पट्टे की प्रतिलिपि प्राप्त नहीं हुई। आवेदक जितेंद्र निवासी मोयाखेड़ा ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृति हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु सीईओ जनपद जावरा को निर्देशित किया गया। आवेदक ईश्वरलाल पिता नानूराम निवासी ग्राम आमलेटा ने सड़क दुर्घटना में पुत्र की मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु तहसीलदार शहर को निर्देशित किया गया।

# रघुवंशी महापरिषद महिला इकाई ने फाग उत्सव में लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा :** अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की महिला इकाई द्वारा स्थानीय बरेठ रोड स्थित दादजी प्लाजा में होली मिलन एवं फाग उत्सव का आयोजन किया गया। समाज की महिलाओं ने फाग गीतों, फूलों और गुलाल के साथ होली के रंग बिखेरे, वहीं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर नन्ही बालिका वैभवी रघुवंशी ने अपनी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इसके बाद फाग गीतों की मधुर धुनों पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर होली की पारंपरिक लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। फूलों और गुलाल से खेली गई होली ने पूरे वातावरण को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के रंगों से सराबोर कर दिया। उत्सव के दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हंसी-खुशी और उमंग से भरे इस आयोजन में फाग गीतों की गूंज ने माहौल को पूरी तरह होलीमय बना दिया। होली के उल्लास और परंपरा के कार्यक्रम के बीच आयोजन में सामाजिक चेतना का संदेश देने के लिए मातृशक्ति ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण पहल समाज की महिलाओं द्वारा लिया गया। रघुवंशी समाज की मातृशक्ति ने निर्णय लिया कि पूजा-पाठ की सामग्री को नदियों में प्रवाहित कर जल स्त्रोतों को प्रदूषित नहीं किया जाएगा, बल्कि उस सामग्री को खेतों में डालकर अथवा खाद बनाकर गमलों में उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रकृति और जल स्त्रोतों का संरक्षण हो सके। कार्यक्रम के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी भी उपस्थित हुए। उन्होंने समाज की बहनों से विवाह जैसे आयोजनों में होने वाले अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संगठन की महिला इकाई की प्रदेश उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गायत्री नरेंद्र रघुवंशी, प्रदेश संगठन मंत्री सरिता रघुवंशी, जिलाध्यक्ष श्रीमती रिंकी कमल रघुवंशी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्रीमती ज्योति कपिल रघुवंशी (नोघई), तहसील अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी देवेंद्र रघुवंशी (जुगयाई), ग्यारसपुर अध्यक्ष श्रीमती सिया संदीप रघुवंशी, सिरोंज अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी धीरज रघुवंशी (घटवार) सहित जिला एवं नगर के पदाधिकारी, सदस्य और समाज की मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

### सोते समय महिला की कुल्हाड़ी से हत्या

**रायसेन:** बाड़ी थाना क्षेत्र में एक महिला की सोते समय कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। इस वारदात में महिला का भतीजा भी घायल हुआ। पुलिस ने आरोपी पड़ोसी देवीराम पाल (60) को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। घटना 1 मार्च की रात को हुई थी। आरोपी ने कांतिबाई पाल और उनके भतीजे चिंतेश पाल पर धारदार हथियार से हमला किया। हमले में कांतिबाई पाल के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं, जबकि चिंतेश पाल के मुंह पर भी वार किया गया। इलाज के दौरान कांतिबाई पाल की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर थाना प्रभारी राजेश तिवारी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जब्त की गई। पुलिस के अनुसार, देवीराम पाल के खिलाफ पहले भी हत्या और मारपीट जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं।

# बरेली में प्रदेश अध्यक्ष का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेली:** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान का भोपाल से गाडरवारा किसान सम्मेलन में सम्मिलित होने के दौरान बरेली आगमन पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कौशल चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने बाईपास हाईवे पर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए पुष्पमालाएं पहनाई एवं उनका अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष खालिद ठेकेदार, नगर अध्यक्ष नीलेश शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी विशाल सिंह ठाकुर, विजय रजौरे, चौधरी भूपेंद्र सिंह रघुवंशी,नवल शर्मा, भीकम राय, अमित राय, शशि रघुवंशी,राजेश राय, दीपक तघु, शिवराज ठाकुर,हुकम सिंह ठाकुर,चौधरी, मोनू शर्मा, श्रवण ठाकुर, नियमत मंसूरी, इदरीस हयात, पार्षद अफजल अली, छविराम विश्वकर्मा, नरेंद्र धाकड़, गोविंद सिंह राजपूत, चंद्र कुमार ठाकुर, शिवेंद्र राजपूत, अंकुश रघुवंशी, वीरू गौर, अरविंद रघुवंशी, मनोज ठाकुर, राजीव ठाकुर, दुर्गेश ठाकुर, सत्यम ठाकुर, विनोद, कृष्णा, मुरारी अहिरवार संख्या सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए संगठन को मजबूती देने एवं जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।अंत मैं निलेश शर्मा ने सभी कांग्रेसजनो का आभार व्यक्त किया।

### नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को दिए जा रहे आधुनिक यंत्रों के उपयोग के डेमोस्ट्रेशन

**रतलाम ।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी देने के उद्देश्य से 9 मार्च से 13 मार्च तक विभिन्न विकासखंडों में कृषि उपकरणों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आज 10 मार्च को जावरा विकासखण्ड के ग्राम उकेड़िया, हाट पिपलिया, मिंडली एवं रोझाना में किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए ट्रैक्टर चलित रीपर कम बाइंडर, स्वचालित रीपर कम बाइंडर तथा कॉम्बो कंबाइन हार्वेस्टर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का डिमोस्ट्रेशन किया गया गया। 11 मार्च को पिपलोदा के ग्राम कालूखेड़ा, ग्राम बड़ायला माताजी, ग्राम शक्करखेड़ी, 12 मार्च को आलोट के ग्राम पिपलिया सिसोदिया, ग्राम लसुड़ियाखेड़ी, ग्राम ताल में एवं 13 मार्च को सैलाना के ग्राम नायन, ग्राम भैरूघाट, ग्राम आडवाणिया, ग्राम सैलाना में डिमोस्ट्रेशन किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन समारोह का आयोजन

## महिलाओं को भगवान श्री राम की प्रतिमा, शाल, श्रीफल और मेडल से किया सम्मान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन :** होटल प्रकाश एंड संस, समरधा में संस्कार सेना और जनसंवेदना कल्याण समिति भोपाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन करते हुए उपस्थित माताओं और बहनों को भगवान श्री राम की प्रतिमा, शाल, श्रीफल और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरती पूजन और पुष्प वर्षा के माध्यम से श्रद्धालुओं का अभिवादन किया गया।

इस अवसर पर औबेदुल्लागंज नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंडीदीप की पूर्णिमा जैन, भोपाल से निवेदिता व्यास, एडवोकेट सुचित्रा दामले, राष्ट्रीय सलाहकार संस्कार सेना, राष्ट्रीय सचिव

अलका धुर्वे सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े और जनसंवेदना कल्याण समिति के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र बिरोले और अन्य कलाकारों ने मनमोहक गीतों और भजन-कीर्तन से माहौल को भक्तिमय बनाया। मंडीदीप से आए एंकर अशोक मालवीय ने सरस्वती वंदना और मातृशक्ति पर कविता प्रस्तुत की।

उपस्थित गणमान्य नागरिकों में वरिष्ठ पत्रकार एमपी व्यास, संजय व्यास, अध्यक्ष प्रकाश राय, भोपाल जिला अध्यक्ष राजेंद्र नाईक, सर्वेश तिवारी, पत्रकार प्रकाश दुबे, मदन लाल मेहरा, पंडित गोपाल दास और अन्य प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर लक्ष्मी सोनू चौकसे ने महिलाओं और मासूम बच्चियों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने की अपील की और कहा कि हमें अपने बच्चों को दूसरों की बेटियों का सम्मान करना सिखाना चाहिए। अनुराधा जी ने वृद्ध आश्रमों और सामाजिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण महिलाओं के सम्मान की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, संस्कार सेना की राष्ट्रीय एडवाइजर सुचित्रा दामले ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं की दिशा और सम्मान पर विशेष ध्यान देने की अपील की।इस आयोजन ने महिलाओं को सम्मानित करने के साथ-साथ समाज में मातृशक्ति की भूमिका और भारतीय संस्कृति की गरिमा को प्रदर्शित किया।

# 16 मार्च से शुरू होगा गेहूं उपार्जन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** सीहोर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 16 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। उपार्जन कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने तथा उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिये कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं खरीदी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता, तौल कांटे, नमी मापक यंत्र, साफ-सफाई, पेयजल, छाया तथा किसानों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों पर बिजली, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था भी समय से कर ली जाए, ताकि पंजीकृत किसानों का गेहूं उपार्जन कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।

कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की स्लॉट बुकिंग के आधार पर किसानों को उनके निर्धारित दिन और समय पर ही उपार्जन केन्द्र पर बुलाया जाए। इससे अनावश्यक भीड़ से बचा जा सकेगा और खरीदी कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किसानों से गेहूं खरीदी करते समय निर्धारित मापदंडों का पालन किया जाए तथा गुणवत्ता के अनुसार ही गेहूं स्वीकार किया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदे गए गेहूं के सुरक्षित भंडारण तथा समय पर परिवहन की भी समुचित व्यवस्था की जाए। इसके लिए गोदामों की उपलब्धता, परिवहन व्यवस्था तथा संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाए।